आरोप

बनार से मलधा मार्ग पर गड्ढे बरकरार, साइड शोल्डर में डाली जा रही नाम मात्र की मुरम, सरपंच और ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

# गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, डामरीकरण भी अधूरा



**नारायणगंज, नवभारत।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनार से मलधा तक हो रहे सड़क मरम्मत कार्य में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और ग्राम पंचायत बनार के सरपंच सतीश श्याम ने बताया कि सड़क सुधार के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है, जिससे शासन की राशि का दुरुपयोग हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है और डामरीकरण का कार्य भी आधा-अधूरा किया गया है। सड़क की साइड पटरियाँ पूरी तरह कट चुकी हैं, जिन्हें भरने के लिए ठेकेदार द्वारा नाममात्र की मुरम डाली जा रही है। मरम्मत की इस सुस्त और घटिया प्रक्रिया के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

### लाखों रुपए के बिल आहरण का अंदेशा

आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए के फर्जी बिल लगाकर राशि का आहरण किया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि इस सड़क का विधिवत डामरीकरण किया जाए और साइड शोल्डर को पूरी तरह भरा जाए जिससे सड़क की स्थिति सुधर सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गुणवत्तापूर्ण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।



# कृषकों को मूंगफली और तिल के बीजों का किया वितरण

▶ राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स के तहत हुआ कार्यक्रम

**घुघरी।** जिला कलेक्टर के दिशा-निर्देशों के पालन में आज वरिष्ठ कृषि विभाग कार्यालय घुघरी में 'राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स' (तिलहन योजना) के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन तिल एवं मूंगफली बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सचिन जैन, जनपद अध्यक्ष जनिया बाई मरावी, कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष पुष्पा झारिया एवं कृषि विस्तार अधिकारी अशोक भलावी, नवीन झारिया, परशराम झारिया उपस्थित रहे। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में क्षेत्र के प्रगतिशील कृषकों को बीज किट प्रदान किए गए।

कृषि अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष विभाग द्वारा इस सीजन के लिए मूंगफली हेतु 25 हेक्टेयर एवं तिल की खेती हेतु 50 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देना और कृषकों की आय में वृद्धि करना है। प्रशासन का मानना है कि इस योजना से न केवल खाद्य तेलों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय किसानों को उन्नत किस्म के बीजों के माध्यम से बेहतर पैदावार भी प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान कृषि अधिकारियों ने किसानों को ग्रीष्मकालीन फसलों की बुवाई और उचित रखरखाव के तकनीकी गुर भी सिखाए।

# 3 महीने से बंद हैंडपंप हुआ चालू, ग्रामीणों को मिली राहत

▶ प्रशासन ने लिया संज्ञान, विभाग की टीम ने पहुंचकर सुधारा हैंडपंप, ग्रामीणों ने जताया आभार



नव भारत खबर का असर

**मोहगांव।** मोहगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़झर के वार्ड क्रमांक 2 के निवासियों के लिए राहत भरी खबर रही। पिछले तीन महीनों से खराब पड़े हैंडपंप को प्रशासन और संबंधित विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए सुधार दिया है। इस समस्या को नवभारत समाचार पत्र द्वारा 12 मार्च को प्रमुखता से उठाया गया था, जिसके बाद महज 24 घंटे के भीतर विभाग हरकत में आया और 13 मार्च को हैंडपंप की मरम्मत पूरी कर दी गई।

### पानी के लिए जूझ रहे थे 50 परिवार

बताया गया कि ग्राम पंचायत बड़झर के वार्ड नंबर 2 में लगा वर्षों पुराना हैंडपंप तीन महीने से खराब था, जिससे 50 से अधिक परिवारों को पेयजल के लिए एक किलोमीटर दूर नर्मदा नदी तक जाना पड़ रहा था। भीषण गर्मी के बीच यह समस्या ग्रामीणों के लिए अत्यंत कष्टकारी बनी हुई थी। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद जब विभाग ने सुनवाई नहीं की, तो खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया। हैंडपंप चालू होने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने नवभारत का विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मीडिया के हस्तक्षेप से ही उनकी बड़ी समस्या का समाधान संभव हो सका। स्थानीय निवासियों ने विभागीय अधिकारियों से यह अपेक्षा भी जताई है कि भविष्य में ऐसी समस्याओं को लेकर वे अधिक संवेदनशील रहें और शिकायत मिलते ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें ताकि आम जनता को बार-बार दर-दर न भटकना पड़े।

# 100 दिवसीय कार्य योजना की कड़ी में जिले की स्वास्थ्य संस्थाएं हो रहीं हाईटेक

▶ बीजाडांडी सीएचसी और बुदरा आरोग्य मंदिर को मिला एनक्यूएएस प्रमाणन, बीजाडांडी ने हासिल किए 90 .17 प्रतिशत अंक



**बीजाडांडी।** स्वास्थ्य क्षेत्र में जिले के बीजाडांडी ब्लॉक अंतर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीजाडांडी और बीजाडांडी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुदरा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। भारत सरकार और नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर द्वारा जारी परिणाम के अनुसार इन दोनों संस्थाओं को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रमाणन प्राप्त हुआ है। बीजाडांडी सीएचसी को राष्ट्रीय प्रमाणन मिलने पर सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने बीजाडांडी सीएचसी स्टॉफ को सम्मानित किया है।

जानकारी अनुसार विगत 16 और 17 फरवरी को नेशनल क्वालिटी असेसर डॉ. विवेक भारती झारखंड और डॉ. चन्द्र शेखर तिवारी छत्तीसगढ़ द्वारा इन संस्थाओं का सघन असेसमेंट किया गया था। इस निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों की सुविधा, दवाइयों की उपलब्धता और इंफेक्शन कंट्रोल जैसे कड़े पैमानों की जांच की गई थी। परिणाम स्वरूप सीएचसी बीजाडांडी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 90.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुदरा ने 86.73 प्रशित अंक हासिल कर नेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेट अपने नाम किया।

बीएमओ डॉ. अभय कीर्ति गजभिये, सीबीएमओ डॉ. अजयतोष मरावी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कुल 9 विभागों जिनमें ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम, लैब, फार्मेसी, रेडियोलॉजी, ऑक्जिलरी और सामान्य प्रशासन का सूक्ष्म मूल्यांकन किया गया। वहीं बुधरा सब-सेंटर में प्रसव सेवाएं, नवजात शिशु देखभाल, किशोर स्वास्थ्य, संचारी एवं असंचारी रोगों का प्रबंधन, मरीजों के अधिकार और क्लीनिकल सेवाओं की समीक्षा की गई। टीम ने आउटपुट संबंधी समस्त रिकॉर्ड्स और सपोर्टिंग सेवाओं की गहराई से जांच की।

### 100 दिवसीय कार्य योजना का दिखने लगा असर

सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि जिले में मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना, उप संचालक डॉ पंकज बूधोंलिया, क्षेत्रीय संचालक डॉ संजय मिश्रा, राज्य क्वालिटी सलाहकार डॉ विवेक मिश्रा, डॉ संदीप शर्मा के मार्गदर्शन और कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में डीपीएम शैलेन्द्र सिंह एमएंडई प्रणय टेंभरे. जिला क्वालिटी मानिटर शरद मेश्राम, सीपीएचसी सलाहकार अर्जुन सिंह के मार्गदर्शन में 100 दिवसीय कार्य योजना के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं के नेशनल असेसमेंट के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को एनक्यूएएस मापदंडों के अनुरूप विकसित करना है। पूर्व में जिले की 53 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 3 सीएचसी और 4 पीएचसी प्रमाणित थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर कुल 54 आरोग्य मंदिर और 4 सीएचसी हो गई है।

### सफलता में टीम का सामूहिक योगदान

इस राष्ट्रीय उपलब्धि के पीछे मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना, उप संचालक डॉ. पंकज बूधोंलिया, क्षेत्रीय संचालक डॉ. संजय मिश्रा और राज्य क्वालिटी सलाहकारों का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा है। स्थानीय स्तर पर बीएमओ डॉ. अभय गजभिये, डॉ. राहुल ठाकुर, डॉ. अक्षय हरदाहा और जिला क्वालिटी टीम की सोनम नामदेव, शुभ्रा वरकडे व पूनम कोल्हे, डॉ. दिनेश कुमार गौर, तपन गजभिये, नितिन साहू, रविशंकर दुबे, प्रदीप साहू, मीना तिवारी, रश्मि परस्ते, बीसीएम राहुल चंद्रौल, सुहागा झारिया, कमलेश मरावी, आरके विश्वकर्मा, नेहा सोनी, आरती बरकड़े, ज्योति यादव, रेवती मार्को, तरूण संत, अनिल, कीर्ति, ललित, बीडी, धनेश, नेहा समेत समस्त सीएचसी स्टाफ ने विशेष मेहनत की। संस्थाओं में पदस्थ नर्सिंग स्टाफ, एएनएम, सुपरवाइजर और आशा कार्यकर्ताओं की टीम ने दिन-रात मेहनत कर स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया। इस सफलता पर समस्त विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मजिस्ट्रेट की समझाइश से पड़ोसियों के बीच वर्षों से चला आ रहा विवाद खत्म

▶ 57 पक्षकार हुए लाभान्वित, 9 लाख से अधिक की राशि के अवॉर्ड हुए पारित



**भुआबिछिया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति बिछिया में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश कमल जोशी के आदेशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मजिस्ट्रेट मीनल गजबीर द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

लोक अदालत के दौरान न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को रखा गया। कड़ी मशक्कत और समझाइश के बाद कुल 7 सिविल और 13 क्रिमिनल प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया, जिससे 57 पक्षकारों को त्वरित न्याय का लाभ मिला। इसके अतिरिक्त बैंकों और नगर परिषद भुआबिछिया के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों पर भी सुनवाई हुई, जिसमें कुल 9,08,620 रुपए की राशि के अवार्ड पारित किए गए। इस लोक अदालत की एक बड़ी सफलता वार्ड क्रमांक 14 निवासी अनिल यादव और रोहित यादव के बीच चल रहा पुराना विवाद रहा। मई 2024 से चल रहे प्रकरण (207/24) में न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनल गजबीर, एडीपीओ कामेंद्र परस्ते और अधिवक्ता विजय चौरसिया की समझाइश रंग लाई। दोनों पड़ोसियों ने आपसी सहमति से राजीनामा किया और भविष्य में सद्भावना पूर्वक रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विजय चौरसिया, सचिव पीयूष पांडेय, बलराम शर्मा, जेपीएन मिश्रा, थानेश्वर तेकाम, संदीप पटेल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण, एडीपीओ कामेंद्र सिंह परस्ते, विभिन्न विभागों के अधिकारी और न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शासकीय बालक छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

▶ जिला न्यायाधीश ने सिखाए गुड टच-बैड टच और यातायात नियमों के पाठ; कैरियर और सुरक्षा पर दिया विशेष मार्गदर्शन



**निवास।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, शासकीय बालक छात्रावास निवास में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला न्यायाधीश एवं तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिन्हा ने की।

शिविर के दौरान जिला न्यायाधीश ने उपस्थित छात्रों को राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, उनके विधिक अधिकारों और नि:शुल्क विधिक सहायता की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने छात्रों को पॉक्सो एक्ट से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए अपने बचाव और सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया।

### यातायात नियमों और भविष्य पर चर्चा

न्यायाधीश ने बच्चों को गुड टच और बेड टच के बीच का अंतर बताते हुए गुड टच-बैड टच के प्रति जागरूक किया। साथ ही, मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों पर जोर देते हुए स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन नहीं चलाना चाहिए। उन्होंने न केवल कानूनी पहलुओं पर चर्चा की, बल्कि छात्रों को उनके सुनहरे भविष्य और करियर के प्रति भी मार्गदर्शन दिया, ताकि वे अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर बेहतर मुकाम हासिल कर सकें। इस शिविर में छात्रावास अधीक्षक विश्राम सिंह मरावी, विधिक सेवा समिति की किरण विश्वकर्मा और छात्रावास का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# समग्र ग्राम विकास और जल संरक्षण पर दिया जोर

▶ नवांकुर संस्था और जन अभियान परिषद की संयुक्त पहल

**नारायणगंज।** नवांकुर संस्था जन कल्याण सेवा सोसाइटी एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विकासखंड नारायणगंज के सेक्टर मानेगांव में एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक संतोष झरिया के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड समन्वयक ने परिषद की संरचना, भूमिका और समग्र ग्राम विकास की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। समितियों को उनके पंजीयन नियमों, नशा मुक्ति अभियान, जल संचय और जनभागीदारी से जुड़ी कार्य योजनाओं के संबंध में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### प्रतिभागियों को किया सम्मानित

प्रशिक्षण का सफल संचालन नवांकुर संस्था जन कल्याण सेवा सोसाइटी बीजेगांव द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में मानेगांव सेक्टर की समस्त प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष और सचिवों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाता राकेश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, इंद्रा उइके और सुमित हथाले की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उनकी सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# घमापुर में बंद दुकान से 140 बोरी पोषण आहार जब्त



मकान बंद होने के कारण पंचनामा बनाकर तोड़ा ताला

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से कुपोषित बच्चों को वितरित किए जाने वाले शासकीय पोषण आहार की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार रात घमापुर क्षेत्र में छापा मारकर करीब 140 बोरी पूरक पोषण आहार जब्त किया है। यह आहार 6 माह से 3 वर्ष तक के पंजीकृत बच्चों को वितरित किया जाना था। स्थानीय लोगों की सूचना पर तहसीलदार, महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस की टीम करियापाथर मरघटाई रोड के पास स्थित एक बंद मकान पर पहुंची। मकान बंद होने के कारण पंचनामा बनाकर ताला तोड़ा गया, जहां कमरे के अंदर भारी मात्रा में शासकीय पोषण आहार की बोरियां रखी मिलीं। गिनती करने पर लगभग 140 बोरी खाद्यान्न बरामद हुआ, जिसे तत्काल जब्त कर कमरे को सील कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों के अनुसार पूरे मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। यह पता लगाया जा रहा है कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भेजा गया पोषण आहार अवैध रूप से यहां तक कैसे पहुंचा। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बोरियों पर बदली हुई तारीख मिली

जांच में पाया गया कि जब्त बोरियों पर महिला आजीविका औद्योगिक सहकारी संस्था मर्यादित मंडला (मप्र) की सील लगी है। बोरियों पर अंकित तारीख 19 जनवरी 2025 को मार्कर से बदलकर 19 जनवरी 2026 किया गया था, जिससे कालाबाजारी की आशंका और गहरा गई है।

### मकान के बाहर लगा निजी डॉक्टर का बोर्ड

प्रशासन के अनुसार जिस मकान से यह स्टॉक मिला है, उसकी देखरेख घमापुर निवासी दीपक यादव करते हैं। मकान के बाहर एक निजी डॉक्टर का बोर्ड लगा हुआ है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह भी जांच की जा रही है कि कहीं इस मामले में आंगनबाड़ी कर्मचारी या अन्य शासकीय कर्मचारियों की मिलीभगत तो नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# एसडीओं कोर्ट में चल रहीं कार्रवाई निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि जब जमीन विवाद को लेकर सिविल सूट लंबित है तो उसी मामले में समानांतर रूप से आपराधिक कार्रवाई नहीं की जा सकती है। इस मत के साथ जस्टिस विनय सराफ की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता के खिलाफ एसडीओ न्यायालय में चल रही कार्यवाही को निरस्त कर दिया। जबलपुर निवासी भूपेन्द्र सिंह रक्षा की ओर से अधिवक्ता केके पांडेय व सिद्धार्थ एस पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ने अनावेदक बलविंदर सिंह के खिलाफ संपत्ति विवाद में सिविल कोर्ट में वाद दायर किया था। सिविल कोर्ट ने याचिकाकर्ता के पक्ष में अंतरिम निषेधाज्ञा (इंजेक्शन) भी प्रदान कर दी थी। इसके बावजूद अनावेदक ने एसडीओ गोरखपुर के समक्ष दंड प्रक्रिया से संबंधित कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई।

# चेटीचंड महोत्सव की शुरुआत में सजेगा आनंद मेला

▶ आज सत्कार सेलिब्रेशन में होगा आयोजन

**अंजनिया।** सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेटीचंड के उपलक्ष्य में शहर में उत्सव का माहौल है। इस महोत्सव की प्रारंभिक श्रृंखला के रूप में आज 15 मार्च रविवार को शाम 5 बजे से सत्कार सेलिब्रेशन में एक भव्य आनंद मेला एवं फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

इस फूड फेस्टिवल के सफल आयोजन के लिए सामाजिक मातृशक्ति संगठन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन की खास बात यह है कि इसमें समाज के हर आयु वर्ग के सदस्य बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और अपने-अपने स्टॉल लगाने को लेकर खासे उत्साहित हैं। मेले में चटपटे और लजीज व्यंजनों की लंबी श्रृंखला देखने को मिलेगी, जो आने वाले आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगी।

आयोजक मंडल ने समाज के सभी परिवारों से विनम्र निवेदन किया है कि वे इस महोत्सव की खुशी में शामिल होने के लिए सपरिवार सत्कार सेलिब्रेशन पहुँचें। संगठन ने आग्रह किया है कि सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर फूड फेस्टिवल का आनंद लें और स्टॉल लगाने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत घुघरी, जनपद पंचायत घुघरी

**निविदा सूचना**

क्र./ग्रा. पंचा./2026 /926 — घुघरी दिनाँक 14/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घुघरी जनपद पंचायत घुघरी द्वारा साप्ताहिक बैठकी बाजार, मवेशी बाजार, एवं अस्थाई दुकानदारों से नियमित स्वच्छता कर वसूली का वार्षिक नीलामी (ठेका) पर एक वर्ष के लिये (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) सामान्य सभा की बैठक में पारित निर्णयानुसार दिनांक 18 / 03 / 2026 को स्थान- कार्यालय ग्राम पंचायत भवन घुघरी में समय 12.00 बजे से खुली नीलामी आयोजन किया गया है।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| श्रीमती यशोदा मरावी | श्री दुर्गेश (गोलू) चौकसे | शिवकुमार बैरागी |
| मो. नं. 9479521299 | मो. नं. 9425850548 | मो. नं. 6266084102 |